समाचार

लो हाईटब्रिज(रपटा) निर्माण के संबंध में अधिकारियों व कंसल्टेंट के साथ स्थल निरीक्षण किया महापौर ने

(ड्राइंग डिजाईन त्वरित रूप से तैयार कर निविदा आदि की कार्यवाही कराने के संबंध में हुई विस्तार से चर्चा)

कोरबा 26 नवम्बर 2020 –कोरबा पुरानी बस्ती वार्ड क्र. 04 से सीधे सर्वमंगला मंदिर तक सुगम पहुंच मार्ग बनाने हेतु प्रस्तावित व डी.एम.एफ. से स्वीकृत लो हाईटब्रिज (रपटा) के निर्माण, घाट व स्थल पर अन्य विकास कार्यो हेतु आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने निगम के अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, वार्ड पार्षद सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, अधीक्षण अभियंता ग्यास अहमद, पूर्व पार्षद मनीष शर्मा तथा कंसल्टेंट एजेंसी पिल्लीवार एसोसिएट के प्रतिनिधि के साथ स्थल निरीक्षण किया तथा कार्य प्रक्रिया में आवश्यक तेजी लाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के विशेष प्रयासों से वार्ड क्र. 04 कोरबा पुरानी बस्ती से सीधे सर्वमंगला मंदिर तक सुगम आवागमन बनाने हेतु हसदेव नदी पर सर्वमंगला पुल के आगे के भाग में लो हाईटब्रिज (रपटा) निर्माण हेतु जिला खनिज न्यास मद से 08 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी गई है, वही नदी के दोनों ओर घाट व अन्य विकास कार्यो हेतु 03 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। यहां उल्लेखनीय है कि उक्त कार्यो की स्वीकृत प्राप्त होने के पश्चात इस कार्य हेतु ड्राइंग डिजाईन तैयार करने हेतु पिल्लीवार एसोसिएट को नियुक्त किया गया है। आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों व एसोसिएट के प्रतिनिधि के साथ स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कंसल्टेंट एजेंसी को निर्देश दिए गए कि कार्य के संबंध में ड्राइंग व डिजाईन त्वरित रूप से तैयार कर जमा

करवाएं ताकि निविदा आदि की कार्यवाही शीघ्रातिशीघ्र की जा सकें। लो हाईटब्रिज (रपटा) में हल्के वाहनों को आने जाने के लिए पर्याप्त चौड़ाई होनी चाहिए साथ ही पैदल चलने वाले लोगों के लिए सुरक्षित रास्ता लो हाईटब्रिज (रपटा) के दोनों तरफ तैयार हों, इस पर विस्तार से मंथन किया गया। इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि इस लो हाईटब्रिज (रपटा) के निर्माण हो जाने से वार्ड क्र. 04 कोरबा पुरानी बस्ती के लोगों को सर्वमंगला मंदिर तथा कुसमुण्डा–कनकी रोड आदि तक आने जाने में विशेष सुविधा मिलेगी, वहीं सर्वमंगला पुल मुख्य मार्ग पर आवागमन का दबाव कम होगा तथा कोरबा पुराने शहर के लोग कम समय पर सर्वमंगला मंदिर तक पहुंच पाएंगे। इसके साथ ही कोरबा पश्चिम क्षेत्र कुसमुण्डा, बांकीमोंगरा, गेवरा, आदि के लोगों को पुराने कोरबा शहर, रेलवे स्टेशन तथा चांपा आदि जाने के लिए सीधा व सुगम मार्ग मिल जाएगा, उन्हें कोरबा रेलवे फाटक बंद होने से होने वाली असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा, वे कम समय तक अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। इसके साथ ही घाट निर्माण होने से भोजली, छठ पूजा तथा सामाजिक कार्यो व निस्तारी हेतु एक सुव्यवस्थित स्थल की उपलब्धता आमजन को प्राप्त हो सकेगी।